





# रंगपंचमी पर राजधानी में रंगों की बरसात, पुराने शहर में निकला जुलूस

भोपाल (काप्र)।

**राजधानी में रंगपंचमी धूमधाम से मनाई गई। गली-गली, चौक-चौराहों और कॉलोनियों में रंगों और गुलाल की बौछार हुई। छोटे-बड़े सभी उम्र के लोग अबीर-गुलाल उड़ाते हुए, ढोल की थाप पर नाचते-गाते और एक-दूसरे को रंग लगाकर होली का आनंद लेते रहे।**

इस बीच, पुराने भोपाल से रंगपंचमी का भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान झांकियां भी नजर आई, जिनमें शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण और ब्रज की होली की झलक देखने को मिली। साथ ही ढोल-ताशे, डीजे, दुल-दुल घोड़ी, ऊंट, घोड़े और फूल-गुलाल उड़ाने वाली मशीनों ने इस उत्सव की रौनक को दोगुना कर दिया।

जुलूस चौक से शुरू होकर घोड़ा नक्कास, कुंदन नमकीन, जुमेराती से होते हुए पीर गेट स्थित कर्फ्यू वाली माता के मंदिर पर पहुंचा, जहां हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। समापन के दौरान 6 टैंकरों से लोगों पर गुलाल बरसाया गया, जिससे पूरा वातावरण लाल, गुलाबी, पीला और हरे रंगों में रंग गया। इसके अलावा, जुलूस में कई आकर्षक झांकियां भी शामिल थीं।

## बरखेड़ी-शाहपुरा में निकली गेर

रंगपंचमी के इस खास मौके पर सेवा संकल्प युवा संगठन ने कर्फ्यू वाली माता मंदिर पर विशेष आयोजन किया। इस दौरान अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष से सुरक्षित वापसी का जश्न भी रंगों के साथ मनाया गया। इसके अलावा, सुभाष चौक, बरखेड़ी और शाहपुरा से भी गेर निकाली गई। संत नगर, भेल और कोलार क्षेत्र में भी रंगपंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य आयोजन चौक बाजार में हुआ, जहां भारी संख्या में लोग इस रंगोत्सव का आनंद लेने पहुंचे। बैरसिया में श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा आयोजित रंगपंचमी का जुलूस सांवलिया मंदिर चोपड़ा बाजार से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होकर गुजरा। इसमें बड़ी संख्या में हुरियारे शामिल हुए।

## मध्यप्रदेश विधानसभा में फाग महोत्सव आज

मध्यप्रदेश विधानसभा द्वारा गुरुवार 20 मार्च को शाम 7.30 बजे विधानसभा के मानसरोवर सभागार में फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रहेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर करेंगे। यह कार्यक्रम रंगारंग संगीत प्रस्तुतियों और मनोभावन कार्यक्रमों से सराबोर रहेगा। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश के अन्य वरिष्ठ मंत्रीगण, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं विधानसभा के सदस्यगण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दिल्ली का लोकप्रिय पॉप ग्रुप साधो बैंड रहेगा जो अपनी सुमधुर संगीत प्रस्तुतियों के लिए काफी लोकप्रिय है। ये समूह लोक-पॉप शैली के संयोजन के अभिनव प्रयोग के लिए जाना जाता है।

## नाच गाने के साथ हुआ रंगारंग कार्यक्रम



बाग मुगलिया एक्सटेंशन कॉलोनी विकास समिति द्वारा रंग पंचमी का कार्यक्रम रखा गया था। इसमें विवेकानंद परिसर सहित आसपास के महिला, बच्चे बुजुर्ग सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फूल गुलाल की होली खेलकर सभी के जीवन में खुशियों की कामना की।

## एमवीएम के पूर्व छात्रों का होली मिलन 23 को

*एमवीएम एलुमिनी द्वारा रविवार 23 मार्च को एमवीएम के सभागार में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें चार क्विंटल फूलों से होली खेली जाएगी। कार्यक्रम की भव्यता और शोभा इसलिए भी बनती है कि 1965 से लेकर 2020 तक के पूर्व विद्यार्थी इसमें भाग लेते हैं। कुछ छात्र भोपाल के बाहर से भी आते हैं और अपनी यादों को ताजा करते हैं। इस मौके पर होली के प्रसिद्ध फिल्मी गानों पर जमकर धमाल मचता है और पूर्व छात्र- छात्राएं फिल्मी गानों पर झूम उठते हैं। एकदूसरे से मिलकर कॉलेज के पुराने दिनों को याद कर वह भाव- विभोर हो जाते हैं। एमवीएम एलुमिनी के अध्यक्ष सतीश रायजादा और आयोजन समिति के संयोजक डॉ. संतोष कटियार ने बताया कि पूर्व विद्यार्थियों के इस होली मिलन में सभी पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया है। उन्हें स्वादिष्ट भोजन भी कराया जाएगा।*

## नेता प्रतिपक्ष ने पटवारी के संग गाया होली गीत



मप्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बंगले पर सुबह 9 बजे से रंग पंचमी के दिन होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, कांग्रेस विधायक और सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जमकर उत्साह दिखा। समारोह में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ होली के गीत गाए। जबकि डबरा विधायक सुरेश राजे ने फाग गीत सुनाया। वहीं पृथ्वीपुर विधायक नितेन्द्र सिंह राठौर ने होली गीत गाया। पूर्व विधायक और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी थिरकते नजर आए। इस दौरान पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि ये होली प्रेम, मुहब्बत की है। भारत वर्ष की परंपराओं की होली है। आज होली हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में सब मिलकर सारे त्योहार मनाते हैं। ये भारतवर्ष ही है जिसमें सारे धर्मों के त्योहार सब लोग मिलकर मनाते हैं।पटवारी के बंगले पर मुस्लिम समाज के लोगों ने जीतू पटवारी और उमंग सिंघार के ऊपर फूल बरसाकर रंगपंचमी की बधाई दी।

**कांग्रेस विधायकों ने सुनाई फाग:** होली मिलन समारोह में डबरा विधायक सुरेश राजे ने फाग गीत सुनाया। वहीं पृथ्वीपुर विधायक नितेन्द्र सिंह राठौर ने होली गीत गाया। पूर्व विधायक और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी थिरकते नजर आए। होली मिलन समारोह में अंबाह विधायक देवेन्द्र सखवार, सौंसर विधायक विजय चौरे, जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके, परासिया विधायक सोहन लाल बाल्मीक, चौरई विधायक सुजीत चौधरी, पांढुर्णा विधायक निलेश उईके, खरगापुर विधायक चंदा रानी गौर, वारासिवनी विधायक विक्की पटेल, पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह, विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा, मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर, केवलारी विधायक रजनीश सिंह, भगवानपुरा विधायक केदार डाबर सहित कई विधायक शामिल हुए।

